# अलवर के नौगांव में कुल्फी फैक्टरी में आग लगी, लाखों का सामान जला

## वेल्डिंग से निकली चिंगारी पास ही रखे लकड़ी के ईंधन पर गिर गई और आग लग गई

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिले के नौगांव इलाके में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब आलमपुर रोड स्थित एक कुल्फी फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग ने चंद मिनटों में ही विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्टरी में रखा लाखों रुपये का कीमती सामान, मशीनें और रेफ्रिजरेटर जलकर पूरी तरह राख हो गए। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने की शुरुआत फैक्टरी के भीतर चल रहे वेल्डिंग कार्य के दौरान हुई। वेल्डिंग से निकली चिंगारी पास ही रखे लकड़ी के ईंधन पर गिर गई। ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग ने देखते ही देखते पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्टरी संचालकों और स्थानीय लोगों ने शुरुआत में आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि उनके तमाम प्रयास विफल साबित हुए। आग की भयावह लपटों को देख आसपास के लोगों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने करीब 2 से 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझाया। आग बुझने के बाद जब स्थिति का जायजा लिया गया, तो फैक्टरी का अधिकतर हिस्सा और सामान राख के ढेर में तब्दील हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन भी सक्रिय हो गया और मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। फिलहाल आग लगने के कारणों की आधिकारिक जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि प्राथमिक रूप से इसे वेल्डिंग के दौरान हुई लापरवाही का परिणाम माना जा रहा है। फैक्टरी मालिक को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। प्रशासन ने क्षेत्र के अन्य उद्योग संचालकों को भी अग्नि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।


मौके पर पहुंची दमकलों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

■ **फैक्टरी संचालकों और स्थानीय लोगों ने शुरुआत में आग पर काबू पाने का प्रयास किया**

# करौली : टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में लगी आग, वन क्षेत्र की संपदा को नुकसान हुआ

**करौली, (निसं)।** सरमथुरा के निकटवर्ती गांव भेड़े का पुरा से सटे टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में कई किलोमीटर के रेडियस में आग से कई हैक्टर वन क्षेत्र की सम्पदा को भारी नुकसान हुआ। जानकारी के अनुसार उक्त क्षेत्र में छह टाइगरों का मूमेंट बना हुआ है। करौली अग्निशमन केन्द्र के वाहन ड्राइवर सूरज डागर, फायरमैन शीशराम गुर्जर, विमलेश माली, लालू गुर्जर, पुष्पेन्द्र शर्मा, अक्षय शर्मा आदि ने करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

■ **रीठौली गांव के पशुचर जंगल में भी लगी भीषण से आग पशु चारा सहित हजारों पौधे जले**

वहीं करौली विधानसभा क्षेत्र के रीठोली गांव के पशुचर जंगल में मंगलवार को दोपहर के समय भीषण आग लग गई। आग से पशु चारा सहित हजारों की संख्या में पौधे जलकर नष्ट हो गए। हिंडौन की दमकल गाड़ी ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर के समय अकस्मात ही रीठौली गांव की सैकड़ों बीघा में फैली पशुचर वन क्षेत्र, जिस पशुचर वन क्षेत्र में नरेगा योजना के तहत 2 वर्ष में हजारों की संख्या में पौधा लगाए गए जो पशुचर वन क्षेत्र में आग के हवाले हो गया। ग्रामीण महेश चंद, गोपाल लाल, रूपसिंह, मोहरसिंह, अशोक, बृजलाल आदि ने बताया कि गांव के सैकड़ों बीघा पशुचर क्षेत्र में पड़े सूखे कचरे में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी, जिससे पशुचर वन क्षेत्र में नरेगा के तहत लगाए गए पौधों और पशु चारे को पूर्ण रूप से आग की चपेट में आने से हजारों पौधे और पशु चारा जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना प्रशासन को दी गई, सूचना पर हिंडौन नगर परिषद प्रशासन की दमकल गाड़ी को लेकर कर्मचारी पहुंचे, जिन्होंने आग पर बड़ी मुश्किल से ग्रामीणों के सहयोग से काबू पाया।

## जोधपुर में स्टील फैक्टरी में आग लगी

**जोधपुर, (कासं)।** बासनी इंडस्ट्रियल एरिया में मंगलवार को एक स्टील फैक्टरी में आग लग गई। कुछ ही देर में यह आग केमिकल के कारण भड़क गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि इसमें किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई।

बासनी स्टेशन फायर ऑफिसर प्रशांत सिंह चौहान ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे बसनी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित राजलक्ष्मी फैक्टरी में आग लग गई।

# पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**हनुमानगढ़, (निसं)।** सेशन कोर्ट ने पत्नी हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला एवं सेशन न्यायाधीश तनवीर चौधरी की अदालत ने गांव अराईयांवाली निवासी आत्माराम उर्फ लाभा पुत्र मंगूराम को दोषी करार देते हुए 25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

लोक अभियोजक मनोज शर्मा ने बताया कि यह प्रकरण 22 अक्टूबर 2021 का है। अराईयांवाली निवासी रूकमा देवी उर्फ रूकिया पत्नी आत्माराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतका के पिता महावीर निवासी रावतसर ने टाउन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिवादी महावीर ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसका दामाद आत्माराम उसकी बेटी रूकमा को काफी समय से परेशान कर रहा था। इसे लेकर पंचायत भी हुई थी, लेकिन वह नहीं माना। महावीर ने पुलिस को बताया कि घटना के दिन वह सरदारशहर क्षेत्र के एक गांव में नरमा चुगाई के लिए गया था। फोन पर उसे रूकमा की मौत की सूचना मिली। अराईयांवाली पहुंचकर उसने देखा तो कमरे में उसकी बेटी का शव पड़ा था।

महावीर ने आरोप लगाया था कि रूकमा के पति आत्माराम ने उसकी बेटी के सिर पर चोट मारकर हत्या कर दी। इस संबंध में हनुमानगढ़ टाउन पुलिस थाने में धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

लोक अभियोजक मनोज शर्मा ने जानकारी दी कि मामले की सुनवाई के दौरान 15 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। इसके अलावा, 44 दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इन साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने मृतका के पति आत्माराम उर्फ लाभा को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं यदि अर्थदंड जमा नहीं करवाया जाता है, तो दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

## पलंग पर सोते व्यक्ति को टैंकर ने कुचला, मौत

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले के सायरा थाना क्षेत्र में दूध से भरे टैंकर ने रिवर्स लेते समय सोते व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुआवतों का गुडा गांव में सुबह करीब आठ बजे का है।

सायरा थाने के एएसआई शंभू सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र गोवर्धन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जिसमें बताया कि उनके पिता फतहसिंह राजपूत (55) सुबह घर के बाहर आम के पेड़ के नीचे पलंग पर सो रहे थे। बाड़े में दूध से भरा टैंकर खड़ा था। जिसे ड्राइवर भगवत सिंह राजपूत निवासी नरसिंगदासजी का गुडा ने स्टार्ट किया। वह टैंकर को आगे-पीछे कर रहा था। तभी लापरवाही बरतते हुए टैंकर को तेज गति से रिवर्स में लिया, जिसकी चपेट में पिता फतह सिंह आ गए। वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल गोगुंदा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने टैंकर को जब्त कर लिया है।


**कार्यालय नगरपालिका आहोर जिला जालोर**

क्रमांकः नपाआ/2026/121 दिनांक 14.04.2026

**-: निविदा सूचना :-**

अपेक्षित श्रेणी में रजिस्टर्ड फर्मों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपालिका, आहोर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में निम्नांकित कार्य की बिड जैम पोर्टल पर ऑनलाईन की गई हैं। इच्छुक फर्म/ संस्था भाग लेना चाहे तो दिनांक 22.04.2026 तक उक्त बिड में भाग ले सकते है विस्तृत विवरण GEM PORTAL एवं sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

GEMPORTAL ID :- GEM/2026/B/7426727
SPPP:- UBN – DLB2627GSGB01661

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | अनुमानित लागत राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply of auto tipper of bin lifter or 1.8 cum capacity tata v30 | 01 | 14.00 |

राज.संवाद/सी/26/1152 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका आहोर

**भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर**

क्रमांक :- लेखा/भ.वि.प्रा./2025-26/4461-72 दिनांक :- 17/04/2026

**ऑनलाईन निविदा सूचना सं. 04/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भरतपुर विकास प्राधिकरण में उपयुक्त श्रेणी एवं विभिन्न विभागों में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 02 कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in https://bhda.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in portal पर देखा जा सकता है।

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in portal का अवलोकन करें।

UBN विवरणः– 01. WAQ2627WSOB00012, 02. WAQ2627WSOB00013

राज.संवाद/सी/26/1165 अधिशाषी अभियन्ता

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2026-27/22-24 Date :- 16/04/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या : 06/2026-27**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | रूपये 472.85 लाख (01 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | 18.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 14.05.2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | 18.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 14.05.2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | 15.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2627WSOB00010

राज.संवाद/सी/26/1160 अधिशाषी अभियन्ता - तृतीय उदयपुर विकास प्राधिकरण


# राजसमंद में 101 किलो डोडा चूरा सहित तस्कर गिरफ्तार

**राजसमंद, (निसं)।** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस थाना चारभुजा व डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 101 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा-चूरा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई उदयपुर रेंज के महानिरीक्षक के निर्देशन में तथा जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल एवं वृताधिकारी कुम्भलगढ़ ज्ञानेन्द्र सिंह राठौड़ के सुपरविजन में की गई। थानाधिकारी भगवत सिंह एवं डीएसटी प्रभारी सोनाली शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में टीम ने तकनीकी सहायता से एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने पिकअप वाहन में कैरेट के नीचे सफेद प्लास्टिक के कट्टों में छिपाकर ले जाया जा रहा अवैध डोडा-चूरा बरामद किया। इस दौरान पिकअप चालक गणेश लाल कुमावत (32) निवासी ओडा, थाना रेलमगरा, जिला राजसमंद को मौके से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना चारभुजा में प्रकरण दर्ज कर जांच पुलिस उपनिरीक्षक ओमसिंह को सौंपी गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया जाएगा।


पुलिस थाना चारभुजा व डीएसटी टीम ने डोडा-चूरा जब्त किया।

## डूंगरपुर में वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** धम्बोला थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है, जिसमें कहा गया है कि उन्हें सूचित किए बिना और औपचारिक रूप से मृत घोषित किए बिना ही शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया।

पीठ निवासी नाथीलाल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनका भांजा भावेश सोमवार रात अपने साथी अमन और गोविंद के साथ एक शादी समारोह में गया था। देर रात करीब लौटते समय रास्ते में उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में भावेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे एम्बुलेंस के जरिए सीमलवाड़ा राजकीय अस्पताल ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने परिवार को सूचित किए बिना और औपचारिक रूप से मृत घोषित किए बिना ही भावेश के शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

# जोधपुर में टैक्सी चालक ने आत्महत्या की

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के महामंदिर पुलिस थाना क्षेत्र के भदवासिया स्थित गली नंबर सात में रहने वाले एक टैक्सी चालक नेअपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके साथ मारपीट करने और जान की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए बहनों ने कुछ लोगों को नामजद कर रिपोर्ट दी है। घटना से पूर्व वह कुछ लोगों से मिला था। फिलहाल महामंदिर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महामंदिर पुलिस ने बताया कि नागौर जिले के डेगाना की रहने वाली आशा पुत्री कैलाश और उसकी बहन निशा पुत्री दीपक ने संयुक्त रूप से रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि उनका भाई सचिन यहां जोधपुर में अपने ननिहाल भदवासिया, सांसी बस्ती गली नंबर 7 में रहता था। वह ऑटो चलाता था। 19 अप्रैल की सुबह पांच बजे के करीब उसके पास में दीपक, राजेंद्र, अर्जुन आदि का फोन आया था और उन लोगों ने टैक्सी लेकर बुलाया। उसे घूमने के चलने के लिए कहा गया। इस पर सचिन वहां पहुंचा तो उक्त लोगों ने उस पर हमला बोला और लात-घूंसों से पिटाई की, साथ ही नुकीली वस्तु संभवतः क्लीप से मारा गया था। उसे जबरन शराब पिलाकर जान की धमकी भी दी गई। रिपोर्ट में बताया कि बाद में सचिन को छोड़ दिया गया। वह घर लौटा और घटनाक्रम अपने ननिहाल वालों मामा-मामी आदि को बताया और जान की धमकी के बारे में जानकारी दी। उसके बाद सचिन कमरे में चला और फंदा लगाकर जान दे दी। महामंदिर थाना पुलिस ने मामले में नामजद लोगों के खिलाफ अब जांच आरंभ की है।

■ **मृतक की बहनों ने कुछ लोगों पर मारपीट और धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है**


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजगढ़, चूरू (राज0)**

क्रमांक :– न.पा.रा./2026–27/07 दिनांक :– 13.04.2026

**– संशोधित निविदा सूचना –**

(NIB CODE – DLB2627A0528)

नगरपालिका राजगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य से सम्बन्धित समस्त संकर्म/सेवाओ श्रेणी के केन्द्र/राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मस्/सप्लायर्स से दिनांक 21.04.2026 को ऑफलाईन निविदा कॉपी आमंत्रित की जाती है। ऑफलाईन निविदा कॉपी दिनांक 21.04.2026 को 12:00 तक विक्रय की जाकर उसी दिन दोपहर 03:00 बजे तक प्राप्त की जावेगी। तथा प्राप्त निविदाए दिनांक 22.04.2026 को सायं 04:00 बजे उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जावेगी। निविदा से संबंधित शर्ते एवं विस्तृत विवरण निम्न विवरणानुसार इंटरनेट साईट पर http://sppp.rajasthan.gov.in व कार्यालय मे कार्यालय समय पर भी देखी जा सकती है।

| S.No. | Tender UBN/NIB Number |
|---|---|
| 1 | (DLB2627WSOB01628), (DLB2627WSOB01630), (DLB2627WSOB01631), (DLB2627WSOB01634), (DLB2627WSOB01635), (DLB2627WSOB01636), (DLB2627WSOB01637), (DLB2627WSOB01638), (DLB2627WSOB01639), (DLB2627WSOB01641), (DLB2627WSOB01643), (DLB2627WSOB01645), (DLB2627WSOB01647), (DLB2627WSOB01649), (DLB2627WSOB01650), (DLB2627WSOB01651), (DLB2627WSOB01652), (DLB2627WSOB01653), (DLB2627WSOB01654), (DLB2627WSOB01655) |

राज.संवाद/सी/26/1151 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका राजगढ़


## अवैध शराब जब्त

**झुंझुनूं, (निसं)।** पचेरी कलां थाना पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से करीब 35 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब और 24 बोतल बीयर जब्त की है, आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान टीम को सूचना मिली कि सातौर से खान्दवा जाने वाली सड़क पर एक अस्थाई लोहे के खोखे से मजदूरों और राहगीरों को अवैध शराब बेची जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची लेकिन संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर फरार हो गया।

# जोधपुर में सूने मकान से नगदी सहित जेवर चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के झालामंड स्थित सीएमएचओ कार्यालय के पास में एक सूने मकान में 18-19 अप्रैल की रात में सैंध लग गई। अज्ञात चोर घर की फाटक कूद कर घुसे और लोहे की लकड़ी के दरवाजे का ताला तोड़कर प्रवेश किया। बाद में सोने-चांदी के आभूषण और नगदी ले गए। परिवार के लोग घटना के समय एक शादी समारोह में बाड़मेर गए हुए थे। पड़ौसी की सूचना पर वापिस आए। घर के आसपास एक संदिग्ध ओला बाइक देखी गई है। पुलिस अब उसके नंबर के आधार पर तलाश में जुटी है।

कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि मूलतः राजधानी जयपुर हाल झालामंड स्थित सीएमएचओ कार्यालय के पास शंकर नगर निवासी माधव सिंह पुत्र किशन सिंह की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि वह 17 अप्रैल को परिवार सहित शादी में बाड़मेर गए थे। बाद में 18 को पड़ौसी ने घर का ताला टूटने की जानकारी दी।

इस पर उसके रिश्तेदार गजेंद्रसिंह को वहां भेजा गया। पता लगा कि चोरों ने घर में प्रवेश कर वहां से सोने-चांदी के जेवरात और नगदी ले गए हैं। घर के पोर्च में खड़ी बाइक की सीट पर फुट प्रिंट भी दिखे हैं। साथ ही 18 अप्रैल की रात साढ़े 11 से 3.30 बजे के बीच एक संदिग्ध ओला बाइक भी देखी गई है, जो वहां सूनी जगह पर खड़ी थी। वह कल वापिस जोधपुर पहुंचा तो पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मौका मुआयना किया है और अब संदिग्ध ओला की तलाश आरंभ की है। पीड़ित द्वारा चोरी गए सामान का ब्यौरा फिलहाल पुलिस को उपलब्ध नहीं करवाया गया है। पीड़ित सरकारी नौकरी में बताया गया है।

■ **परिवार के लोग घटना के समय शादी समारोह में बाड़मेर गए हुए थे**

## लूट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**बुहाना/झुंझुनूं, (निसं)।** करीब छह साल से फरार चल रहे एटीएम लूट मामले के वांछित और 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को बुहाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी बिमला बुडानिया के नेतृत्व में गठित टीम ने हरियाणा के नूंह (मेवात) जिले में दबिश देकर आरोपी राहुल मेव (27) को गिरफ्तार किया। आरोपी ग्राम सालाका, थाना सदर तावडू का निवासी है और पिछले 6 वर्षों से फरार चल रहा था।


**कार्यालय नगरपरिषद, राजसमन्द**
जिला परिषद रोड, राजनगर

टेलिफोन नं. 02952–220034, फेक्स नं. 02952–221233, ई–मेल rajsamandnagarpalika@gmail.com
क्रमांक : एफ( )नपरा/इंजी/ई निविदा/3/2026–27/420 दिनांक :– 15.04.2026

**ई–निविदा सूचना संख्या 3/2026–27**

नगर परिषद राजसमन्द द्वारा विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कार्य की संख्या | 1 |
| कार्यो की अनुमानित लागत | 30.00 लाख |
| निविदा अपलोड की तिथि | 15.04.2026 06:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 16.04.2026 09:00 AM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 27.04.2026 06:00 PM |
| भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि | 28.04.2026 01:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 28.04.2026 04:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| दोष निवारण अवधी | नियमानुसार |
| UBN NO- | DLB2627WSOB01716 |

राज.संवाद/सी/26/1176 आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द

**कार्यालय नगरपालिका रतननगर (चूरू)**
फोन नं. - 01562-281224, ईमेल - mun_rnagar@yahoo.in

Date :- 16/04/2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of STREET LIGHT RATE CONTRACT (ARC) work invited from interested bidders up to 01:00 PM 23-04-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.

UBN is: DLB2627SIRC01869

Raj.Samwad/C/26/1222 Executive Officer

**कार्यालय नगर पालिका अटरू जिला बांरा (राज.)**

क्रमांक :- न०पा०अ०/स्टोर/2026-27/188 दिनांक :- 16/04/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अटरू द्वारा निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा कमांक :- न.पा.अ./स्टोर/2026-27/184-185 दिनांक 16.04.2026 से आमंत्रित की जाती है। निविदाओं से संबंधित विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.nic.in पर देखी व डाउनलोड किये जा सकते हैं। जिसका NIB code DLB2627A0590 हैं एवं UBN NO.- निम्नानुसार है :- DLB2627SLRC01804

राज.संवाद/सी/26/1210 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**

क्रमांक :– न.नि.भ./जन0स्वा0/2026–27/1105 दिनांक :– 13.04.2026

**ई–निविदा सूचना–01/2026–27**

नगर निगम, भरतपुर द्वारा उपयुक्त श्रेणी में एवं अन्य विभागों के "A"&"AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेन्ट प्रकिया से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा दिनांक 16.04.2026 से अन्तिम दिनांक 27.04.2026 तक आमंत्रित की जाती है। जिसमें टेण्डर निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते एवं विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in/ एवं कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

UBN Number:-
1. DLB2627WSOB01625 2. DLB2627WSOB01626 3. DLB2627WSOB01626

राज.संवाद/सी/26/1241 आयुक्त, नगर निगम, भरतपुर


# श्रीगंगानगर में इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक से लाखों की धोखाधड़ी

## कूलर फैक्टरी मालिक पर फर्जी चेक लगाने का आरोप, कोर्ट से नोटिस मिला तो पता चला

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** यहां इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरिंग का काम करने वाले एक मैकेनिक से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट, श्रीगंगानगर में दी शिकायत में प्रभु दयाल निवासी ताखरांवाली, श्रीगंगानगर ने बताया कि उसकी गांव ताखरांवाली में इलेक्ट्रॉनिक सामान की रिपेयरिंग की दुकान है। जहां पर वह कूलर, पंखे व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान रिपेयरिंग करने का काम करता है। उसने लॉकडाउन के बाद अपना काम दोबारा शुरू करने के लिए आरोपी सौरभ आहुजा निवासी विनोबा बस्ती श्रीगंगानगर से 20 कूलर खरीदे थे।

सौरव आहूजा की कूलर की फैक्टरी है। कूलर खरीदते समय प्रभु दयाल ने कूलरों के पैसे नगद दे दिए थे और 25 हजार और 24 हजार रुपए के दो चेक दिए गए थे। साथ ही यह भी तय हुआ था कि यदि कूलर में कोई खराबी आती है तो उसकी जिम्मेदारी फैक्टरी मालिक की होगी। कुछ समय बाद कई कूलर खराब हो गए। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने उन्हें बदलने की मांग की, लेकिन आरोपी ने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। आरोपी ने इस विवाद के चलते चेक में कूटरचना करते हुए 25 हजार की जगह 6 लाख 25 हजार रुपए भर दिए और उसे कोर्ट में लगा दिया। वहीं, दूसरे 24 हजार रुपए के चेक को भी कथित रूप से 2 लाख 24 हजार रुपए का बनाकर एक अन्य व्यक्ति के नाम से बैंक में लगा दिया, जबकि वह (प्रभुदयाल) उस व्यक्ति को जानता तक नहीं है।

प्रभुदयाल को इस पूरे मामले की जानकारी तब हुई जब उसे कोर्ट से नोटिस मिला। जिसके बाद उसने आरोपी से संपर्क किया तो आरोपी ने कहा कि फर्जी चेक लगाकर पैसे वसूलने के लिए ही यह सब किया गया है। इसके बाद परिवादी ने पुलिस थाना कोतवाली और एसपी को शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद कोर्ट के माध्यम से इस्तगासा पेश किया। फिलहाल कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ **कूलर खरीदने के बदले दिये गये चेकों में हेराफेरी कर धोखाधड़ी की थी**


**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**
फोन न.07464–294024, ई–मेल आईडी np.karauli@yahoo.com, website – WWW.npkarauli.in

क्रमांक : 373 दिनांक : 10.04.2026

**ई–निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद करौली परिषद क्षेत्र निम्न कार्य कराना चाहती है। जिस हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–टैण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | नगरपरिषद क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य :– कुल कार्य 04 |
| निविदा की अनुमानित लागत | 46.71 लाख |
| धरोहर राशि | प्रत्येक कार्य हेतु अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने /डाउनलोड की तारीख | 15.04.2026 समय 5:00 पीएम से 28.04.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि | 28.04.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| भौतिक रूप से निविदा शुल्क व दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि | 29.04.2026 समय 2:00 पीएम तक |
| ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल प्राप्त निविदा खोलने की तिथि | 29.04.2026 समय 3:30 पीएम |
| निविदा शुल्क | प्रत्येक कार्य हेतु 1000/– रूपयें |
| निविदा प्रोसेसिंग शुल्क | प्रत्येक कार्य हेतु 500/–रूपये |
| निविदा प्रपत्र व शर्ते डाउनलोडिंग बेबसाईट | eproc.rajasthan.gov.in |
| UBN.- | Work no 1 - DLB2627WSOB01441<br>Work no 2 - DLB2627WSOB01442<br>Work no 3 - DLB2627WSOB01443<br>Work no 4 - DLB2627WSOB01444 |

राज.संवाद/सी/26/1191 आयुक्त नगरपरिषद, करौली